# शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार
## अभ्यास प्रश्न-पत्र
## मध्यावधि परीक्षा-2026

**कक्षा – IX** **विषय: सामाजिक विज्ञान**

**समयः 3 घंटे** **अधिकतम अंकः 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में **37 प्रश्न** हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न-पत्र **छः खण्डों** में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ड एवं च।**
3. **खण्ड क** – प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. **खण्ड ख** – प्रश्न संख्या 21 से 24 अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।
5. **खण्ड ग** – प्रश्न संख्या 25 से 29 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।
6. **खण्ड घ** – प्रश्न संख्या 30 से 33 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।
7. **खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या 34 से 36 केस-आधारित/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं, जिनमें 3 उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है।
8. **खण्ड च** – प्रश्न संख्या 37 **मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न** है। इस प्रश्न के कुल 5 अंक हैं।
9. इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए दृश्य तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखेंगे।

| | **खंड – क**<br>**बहुविकल्पीय प्रश्न** | **(1× 20 = 20)** |
|---|---|---|
| **1.** | **अग्नि वलय (Rinf of fire) अवस्थित है-**<br>A. प्रशांत महासागर<br>B. अटलांटिक महासागर<br>C. हिन्द महासागर<br>D. आर्कटिक महासागर | **1** |
| **2.** | **नीचे दो कथन दिए गए हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए।**<br>**अभिकथन (A):** मानव समाज जटिल है।<br>**कारण (R):** अध्ययन की कोई एक शाखा मानव समाज की पूर्ण व्याख्या नहीं कर सकती है।<br>**विकल्प**<br>A. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की व्याख्या करता है।<br>B. A और R दोनों सत्य हैं किंतु R, A की व्याख्या नहीं करता है।<br>C. A सत्य है, R असत्य है।<br>D. A असत्य है, R सत्य है। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **3.** | **गोखुर झील का निर्माण किसके द्वारा किया जाता है?**<br>A. नदी<br>B. हिमनद<br>C. वायु<br>D. सागरीय तरंग | **1** |
| **4.** | **उपयुक्त विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**<br>औसत समुद्र तल से किसी स्थान की ऊँचाई को..................... कहा जाता है।<br>**विकल्प**<br>A. अक्षांश<br>B. देशांतर<br>C. तुंगता<br>D. प्रधान मध्याह्न रेखा | **1** |
| **5.** | **नीचे दिए गए कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए।**<br>**कथन 1: पृथ्वी का वायुमंडल अलग-अलग गैसों से बना है।**<br>**कथन 2: मौसम से अभिप्राय दैनिक की वायुमंडलीय स्थितियों से है।**<br>**विकल्प**<br>A. दोनों कथन सही हैं।<br>B. कथन 1 सही है, कथन 2 गलत है।<br>C. कथन 1 गलत है, कथन 2 सही है।<br>D. दोनों कथन गलत हैं। | **1** |
| **6.** | **उत्पादन संभावना वक्र (PPC) दर्शाता है:**<br>A. दो वस्तुओं का असीमित उत्पादन<br>B. उपलब्ध सभी संसाधनों का कुशल उपयोग करते हुए दो वस्तुओं के बीच समझौता<br>C. केवल एक वस्तु का अधिकतम उत्पादन<br>D. केवल सरकारी व्यय | **1** |
| **7.** | **निम्नलिखित में से कौन सा एक नवपाषाण स्थल है:**<br>A. डीडवाना<br>B. संगनकल्लू<br>C. चिरकी-नेवासा<br>D. टेरी-साइट्स | **1** |
| **8.** | **स्तंभ I का स्तंभ II से सही मिलान करके सही विकल्प चुनिए।**<br>**स्तंभ I** — **स्तंभ II**<br>(a) पुलकेशिन प्रथम द्वारा चालुक्य वंश की स्थापना — 1. 629-645 CE<br>(b) हर्षवर्धन द्वारा कन्नौज पर अधिकार — 2. 543 CE<br>(c) ह्वेनसांग की यात्रा — 3. 606 CE | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | **विकल्प**<br>A. a-2, b-3, c-1<br>B. a-1, b -2, c -3<br>C. a-3, b -1, c -2<br>D. a-2, b -1, c -3 | |
| **9.** | **जूनागढ़ शिलालेख के बारे में कौन सा कथन गलत है?**<br>A. यह गिरनार (गुजरात) में स्थित है।<br>B. सबसे पुराना शिलालेख चंद्रगुप्त मौर्य के समय का है।<br>C. रुद्रदामन प्रथम ने एक लंबा संस्कृत शिलालेख जुड़वाया।<br>D. स्कंदगुप्त ने उसी चट्टान पर एक और अभिलेख खुदवाया। | **1** |
| **10.** | **विदिशा के हाथीदांत का काम करने वाले संघ द्वारा किए गए परोपकारी और कल्याणकारी कार्यों का उल्लेख किस शिलालेख में मिलता है?**<br>A. नासिक गुफा शिलालेख<br>B. सांची स्तूप का दक्षिणी प्रवेश द्वार<br>C. हाथीगुम्फा शिलालेख<br>D. इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख | **1** |
| **11.** | **नीचे दो कथन दिए गए हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए।**<br>**कथन (A):** वैदिक काल को प्रायः ऐसे समय के रूप में माना जाता है जब समाज में महिलाओं का स्थान ऊंचा और सम्मानजनक था।<br>**कारण (R):** महिलाएं विद्वतापूर्ण शिक्षा-दीक्षा में भाग लेती थीं और कुछ प्रसंगों में अपने समकक्ष पुरुष के साथ मिलकर धार्मिक अनुष्ठानो का आयोजन भी करती थीं।<br>**विकल्प**<br>A. A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की व्याख्या करता है।<br>B. दोनों सत्य हैं किंतु R, A की व्याख्या नहीं करता।<br>C. A सत्य है, R असत्य है।<br>D. A असत्य है, R सत्य है। | **1** |
| **12.** | **सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ है:**<br>A. केवल शिक्षित वयस्क ही मतदान कर सकते हैं।<br>B. प्रत्येक वयस्क नागरिक को जाति, धर्म, लिंग, शिक्षा या आय के भेदभाव के बिना मत देने का अधिकार है।<br>C. केवल 21 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष मतदान कर सकते हैं।<br>D. मताधिकार केवल संपत्ति-धारकों तक सीमित है। | **1** |
| **13.** | **भारत में सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम कब लागू हुआ?**<br>**A. 1950**<br>**B. 1975**<br>**C. 2000**<br>**D. 2005** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | **नीचे दिए गए कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए।**<br>**कथन 1:** कोई भी व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति की ओर से मतदान नहीं कर सकता।<br>**कथन 2:** गंभीर अपराध में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को मतदान से रोका जा सकता है।<br>**विकल्प**<br>A. दोनों कथन सही हैं।<br>B. कथन 1 सही है, कथन 2 गलत है।<br>C. कथन 1 गलत है, कथन 2 सही है।<br>D. दोनों कथन गलत हैं। | 1 |
| 15. | **भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है?**<br>A. 14-18<br>B. 19-22<br>C. 23-24<br>D. 25-28 | 1 |
| 16. | **अवसर लागत है:**<br>A. किसी वस्तु पर खर्च किया गया धन<br>B. किसी विकल्प को चुनने पर त्यागे गए अगले सर्वश्रेष्ठ विकल्प का मूल्य<br>C. उत्पादन की कुल लागत<br>D. सरकार द्वारा निर्धारित कीमत | 1 |
| 17. | **सही मिलान की पहचान कीजिए**<br>A. सार्वजनिक वस्तुएँ - पार्क<br>B. सार्वजनिक वस्तुएँ - सड़कें<br>C. सार्वजनिक वस्तुएँ - स्ट्रीट लाइट<br>D. सार्वजनिक वस्तुएँ - निजी उद्यान | 1 |
| 18. | **माँग का नियम कहता है कि अन्य बातें समान रहने पर:**<br>A. कीमत और माँगी गई मात्रा एक ही दिशा में चलती हैं।<br>B. कीमत और माँगी गई मात्रा में व्युत्क्रमानुपाती संबंध होता है।<br>C. माँग कीमत से स्वतंत्र होती है।<br>D. पूर्ति माँग को निर्धारित करती है। | 1 |
| 19. | **जब आम की कीमत ₹150/किग्रा से घटकर ₹50/किग्रा हो जाती है, तो श्रीवल्ली की माँगी गई मात्रा 1 किग्रा से बढ़कर 3 किग्रा हो जाती है। यह दर्शाता है:**<br>A. पूर्ति का नियम<br>B. व्यक्तिगत माँग अनुसूची और माँग वक्र<br>C. बाज़ार संतुलन<br>D. सरकारी हस्तक्षेप | 1 |
| 20. | **बाज़ार माँग प्राप्त की जाती है:**<br>A. व्यक्तिगत माँगों का औसत निकालकर<br>B. प्रत्येक कीमत पर व्यक्तिगत माँगों को जोड़कर<br>C. सबसे अधिक व्यक्तिगत माँग लेकर<br>D. केवल सरकारी सर्वेक्षण द्वारा | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड – ख**<br>**अति लघु उत्तरीय प्रश्न** | **(4x2= 8)** |
| **21.** | एक विषय के रूप में हम भूगोल के अंतर्गत किन किन अवधारणाओं का अध्ययन करते हैं? किन्हीं दो का वर्णन कीजिए। | **2** |
| **22.** | अवसर लागत' से क्या तात्पर्य है? अपने आस-पास से एक उदाहरण दीजिए।<br>अथवा<br>उत्पादन संभावना वक्र की अवधारणा को उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिए। | **2**<br>**2** |
| **23.** | भारत में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। | **2** |
| **24.** | क्रय शक्ति का वर्णन कीजिए। | **2** |
| | **खंड – ग**<br>**लघु उत्तरीय प्रश्न** | **(5×3=15)** |
| **25.** | जलवायु परिवर्तन के किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। | **3** |
| **26.** | चीनी सभ्यता के विकास में हुआंग हे (पीली नदी) और यांग्त्ज़ी नदी की भूमिका का वर्णन कीजिए। | **3** |
| **27.** | बाज़ार माँग वक्र व्यक्तिगत माँग वक्र से अधिक सपाट क्यों होता है? उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिए। | **3** |
| **28.** | लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका का वर्णन कीजिए।<br>**अथवा**<br>प्रत्यक्ष लोकतंत्र की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | **3** |
| **29.** | किसी उत्पाद की माँग को प्रभावित करने वाले कीमत के अतिरिक्त किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। | **3** |
| | **खंड – घ**<br>**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** | **(4×5=20)** |
| **30.** | एक सरल उत्पादन संभावना वक्र बनाइए तथा एक संयोजन से दूसरे संयोजन की ओर जाने पर अवसर लागत दर्शाइए।<br>अथवा<br>विभिन्न आर्थिक प्रणालियाँ (बाज़ार, नियोजित, मिश्रित) क्या, कैसे और किसके लिए उत्पादन किया जाए – इन मूलभूत आर्थिक प्रश्नों का समाधान कैसे करती हैं? | **5**<br>**5** |
| **31.** | वैदिक काल के दौरान भारत की राजनीतिक संस्थाओं का स्वरुप कैसा था? वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>वैदिक काल के दौरान भारतीय परिवार और समाज के स्वरुप का वर्णन कीजिए। | **5**<br>**5** |
| **32.** | परिसीमन आयोग के कार्य एवं महत्व का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में राजनीतिक दलों के महत्व का वर्णन कीजिए। | **5**<br>**5** |
| **33.** | बाज़ार कीमतों के निर्धारण में माँग और पूर्ति की अंतःक्रिया का विश्लेषण कीजिए। बाज़ार संतुलन क्या है? क्या यह वास्तविक संसार में सदैव विद्यमान रहता है?<br>अथवा<br>सरकार बाज़ार में कैसे और क्यों हस्तक्षेप करती है? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। | **5**<br>**5** |
| | **खंड – ङ**<br>**स्रोत-आधारित प्रश्न** | **(3 × 4 = 12)** |

| | | |
|---|---|---|
| 34. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>"अपरदन वह प्रक्रिया है जिसमें मिट्टी, चट्टानें और सतह की अन्य चीज़ें पानी, हवा, बर्फ़ या लहरों जैसे प्राकृतिक कारकों द्वारा घिसकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाई जाती हैं। अपक्षय के विपरीत, जो केवल चट्टानों को तोड़ता है, अपरदन में टूटी हुई सामग्री का एक जगह से दूसरी जगह जाना शामिल है। अपरदन कई तरह के होते हैं — पानी से होने वाला अपरदन, जो नदियों, बारिश या समुद्र की लहरों से होता है; हवा से होने वाला अपरदन, जो सूखे और रेतीले इलाकों में आम है; हिमनद अपरदन (glacial erosion), जहाँ चलती हुई बर्फ़ चट्टानों को खुरचती और ले जाती है; और तटीय अपरदन (coastal erosion), जहाँ समुद्र की लहरें किनारे की ज़मीन को काटती हैं। अपरदन ज़मीन की आकृतियाँ (लैंडफ़ॉर्म) बनाता है और पृथ्वी की सतह पर नई आकृतियाँ बना भी सकता है और उन्हें नष्ट भी कर सकता है।"<br><br>34.1. अपरदन क्या है? (1)<br>34.2. हिमनदों के अपरदन से बनने वाली स्थलाकृति का एक उदाहरण दीजिए। (1)<br>34.3. अपरदन और अपक्षय के बीच अंतर बताइए। (2) | 1+1+2=4 |
| 35. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>मिश्रित अर्थव्यवस्था में बाज़ार-आधारित और नियोजित अर्थव्यवस्थाओं, दोनों की विशेषताएँ शामिल होती हैं। इस व्यवस्था में, आर्थिक चुनाव और निर्णय लेने में निजी व्यक्तियों, उद्यमों और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी कंपनियाँ भी होती हैं जो बाज़ार में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वास्तव में, ज़्यादातर अर्थव्यवस्थाओं में मिश्रित आर्थिक प्रणालियों की विशेषताएँ होती हैं, जो कुछ हद तक सरकारी नियंत्रण के साथ-साथ निजी स्वामित्व की भी अनुमति देती हैं।<br><br>35.1. मिश्रित अर्थव्यवस्था में किन चीज़ों की विशेषताएं शामिल होती है? (1)<br>35.2. मिश्रित अर्थव्यवस्था में आर्थिक चुनाव और निर्णय लेने में कौन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है? (1)<br>35.3. उपयुक्त उदाहरणों के साथ मिश्रित अर्थव्यवस्था की मुख्य विशेषताओं को समझाइए। (2) | 1+1+2=4 |
| 36. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>बहु-दलीय व्यवस्था में, कई राजनीतिक दल चुनाव लड़ते हैं और अलग-अलग तरह की आवाज़ों और हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे लोगों को अपनी पसंद के सबसे उपयुक्त उम्मीदवार को चुनने की शक्ति मिलती है। हर राजनीतिक दल कुछ खास विचारों, मूल्यों और सिद्धांतों से निर्देशित होता है, जो उसकी नीतियों और कार्यों को आकार देते हैं। संसद या राज्य विधानसभाओं के चुनावों में, जो दल—या दलों का गठबंधन—50 प्रतिशत से ज़्यादा सीटें जीतता है, वह सरकार बनाता है, जबकि कम सीटें पाने वाले दल विपक्ष का हिस्सा बनते हैं। राजनीतिक दल कई तरह के सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक, वैचारिक और क्षेत्रीय हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भारतीय समाज की विविधता को दर्शाते हैं। वे 'जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951' (Representation of the People Act, 1951) के तहत तय नियमों और कानूनों के दायरे में काम करते हैं।<br>36.1 बहु-दलीय व्यवस्था लोगों को क्या करने की शक्ति देती है? (1)<br>36.2 किस अधिनियम के तहत राजनीतिक दलों के कामकाज के नियम और कानून तय किए गए हैं? (1)<br>36.3 बहु-दलीय व्यवस्था में संसद या राज्य विधानसभाओं के चुनावों में सरकार कैसे बनती है? (2) | 1+1+2=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड – च**<br>**मानचित्र-आधारित प्रश्न** | **5** |
| **37.** | दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए: (कोई पाँच कीजिए)<br>A. लोथल हड़प्पा स्थल<br>B. दिल्ली<br>C. कालीबंगन हड़प्पा स्थल<br>D. चेर राज्य<br>E. हल्लूर<br>F. मगध महाजनपद<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न सं. 37 के स्थान पर दिया गया है। (किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।)**<br>20.1. उस राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ लोथल हड़प्पा स्थल अवस्थित है।<br>20.2. उस राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ सूरसेन महाजनपद अवस्थित था।<br>20.3. उस राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ कालीबंगन हड़प्पा स्थल अवस्थित है।<br>20.4. उस राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ चेर राज्य अवस्थित था।<br>20.5. उस राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ हल्लूर अवस्थित है।<br>20.6. उस राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश का नाम लिखिए जहाँ मगध महाजनपद अवस्थित था। | <br><br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1**<br><br><br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1**<br>**1** |



भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½°
20°
16°
12°
8°
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)